Building Better Tomorrow

बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

राजापुर पुल, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना– 800001

E-Mail - mdbuidco@gmail.com

पत्रांक– Y0 -1781/20-187 दिनांक– 10/6/2020

:–कार्यालय आदेशः–

प्रबंध निदेशक, पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा सूचित किया गया है कि कुल 44 परियोजनाओं को स्मार्ट सिटी मिशन में शामिल किया गया है जिनमें से उनके अनुसार चार योजनाओं का कार्यान्वयन बुडको द्वारा किया जा रहा है जो निम्नवत हैः–

1- Potable water supply Network
2- Smart solution for water supply
3- Sewerage Network in ADB Area (Under Namami Gange)
4- Harding Park Development

यद्यपि इन चारों योजनाओं का वित्त संपोषण राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा किया जाता है, इन योजनाओं का प्रगति प्रतिवेदन Ministry of Housing and Urban Affairs, GOI को भेजा जाना है ताकि पटना स्मार्ट सिटी बेहतर रैंकिंग प्राप्त कर सके।

इन आंकड़ों को एकत्रित किये जाने एवं समेकित किये जाने हेतु स्मार्ट सिटी की ओर से श्री रोहित प्रकाश, मैनेजर(एम एण्ड ई) को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है। श्री रोहित प्रकाश, बुडको द्वारा नामित नोडल पदाधिकारी से ऑकड़े प्राप्त कर समेकित करेंगे।

प्रबंध निदेशक, पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा उपरोक्त चारों योजनाओं का विगत तीन वर्षो में कराये गये/कराये जा रहे तथा प्रस्तावित कार्यो की जानकारी उपलब्ध कराये जाने हेतु बुडको की ओर से एक नोडल पदाधिकारी को नामित किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

उक्त योजनाओं के प्रगति के ऑकड़ों को समेकित किये जाने एवं पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड को उपलब्ध कराने हेतु बुडको की ओर से कार्यपालक अभियंता(मुख्यालय), आयोजन निरूपण एवं अनुश्रवण, बुडको को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित किया जाता है।

ह0/–
प्रबंध निदेशक,
बुडको।

ज्ञापांकः– 4221 दिनांकः– 10/6/2020

प्रतिलिपिः–

1. प्रबंध निदेशक, स्मार्ट सिटी लिमिटेड, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।
2. सभी पदाधिकारियों, बुडको, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9.6.20

प्रबंध निदेशक,
बुडको।